**फैक्स**

सेवा में:– होम कन्ट्रोल/डीजीपी कन्ट्रोल, लखनऊ/इण्ट कन्ट्रोल/अपर पुलिस महानिदेशक, कानून व्यवस्था/अपर पुलिस महानिदेशक अपराध उ.प्र.लखनऊ/अपर पुलिस महानिदेशक मेरठ जोन, मेरठ/आयुक्त सहारनपुर मण्डल, सहारनपुर/पुलिस उपमहानिरीक्षक, सहारनपुर परिक्षेत्र, जिलाधिकारी मुजफ्फरनगर

प्रेषक :– वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक, मुजफ्फरनगर।

---

पत्र संख्या:– एस0एम0सी0–सरा0कार्य/2023 दिनॉक: अगस्त 26, 2023

---

## :: सराहनीय कार्य ::

**जनपद मुजफ्फरनगर के थाना बुढाना पुलिस द्वारा पुलिस मुठभेड़ के दौरान 01 शातिर गौकश अभियुक्त घायल/गिरफ्तार, अभियुक्त के कब्जे से अवैध शस्त्र मय कारतूस, जिन्दा गाय व गौकशी के उपकरण बरामद।**

सादर अवगत कराना है कि जनपद मुजफ्फरनगर में अपराध एवं अपराधियों पर नियंत्रण हेतु चलाए जा रहे अभियान के अन्तर्गत पुलिस अधीक्षक देहात के निकट पर्यवेक्षण तथा क्षेत्राधिकारी बुढाना पर प्रभारी निरीक्षक थाना बुढाना के कुशल नेतृत्व में दिनांक 25.08.2023 को थाना बुढाना पर नियुक्त उ0नि0 श्री राजदीप सिंह मय उ0नि0 श्री आनन्द कुमार मय हमराहीगण है0का0 383 सुनील शर्मा, का0 1117 सुमित कुमार, का0 1036 राजवीर मय प्राईवेट वाहन के वास्ते देखरेख शान्ति व्यवस्था व चेकिंग संदिग्ध वाहन/व्यक्ति में थाना बुढाना से रवाना होकर कांधला रोड होते हुए जौला आये हम सभी पुलिस कर्मी चैकिंग व गस्त में मामूर थे। तभी मुखबिर खास से सूचना मिली कि कुछ लोग जौला शामली रोड के पास बन्द पडे भट्टे से आगे गौकशी करने की फिराक में है। सूचना पर विश्वास करके पुलिस टीम मुखबिर द्वारा बताये स्थान की ओर चल दिए, जौला से मेरठ करनाल हाईवे पर जाने वाले रास्ते पर बन्द पडे भट्टे से थोडा आगे पहुंचे तो मुखबिर ने दूर खडे 03 लोगो की तरफ इशारा करके बताया कि यही तीनो आज गौकशी करने वाले है। तथा मुखबिर चला गया। पुलिस टीम द्वारा ईख की आड लेकर धीरे धीरे अंधेरे का फायदा उठाकर अभियुक्तगण के पास पहुंचे तो देखा कि 01 गौवंश बछडा जिसके पैर बंधे हुए हैं जमीन पर पड़ा है तथा तीनों व्यक्ति आपस में बात करते हुए प्लास्टिक के कट्टे से छुरी व दाव व लकड़ी का गुटका निकाल रहे हैं। जैसे ही पुलिस पार्टी आगे बढी तो आहट सुनकर तीनों व्यक्ति चिल्लाते हुए खेतों की तरफ भागे तथा एक व्यक्ति ने तमंचे से पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर कर दिया। फायर से पुलिस पार्टी बाल–बाल बची तथा घटना की सूचना उच्चाधिकारीगण को दी गयी। पुलिस पार्टी द्वारा बदमाशों को आत्मसमर्पण की चेतावनी देते हुए बदमाशों का पीछा किया गया परन्तु बदमाशों पर चेतावनी का कोई असर नहीं हुआ तथा लगातार पुलिस पार्टी पर जान से मारने की नियत से फायर करते रहे। पुलिस पार्टी द्वारा आत्मरक्षार्थ सूक्ष्म फायरिंग की गयी तो एख बदमाश लड़खड़ा कर जमीन पर गिर पड़ा तथा 02 बदमाश जंगल की तरफ भाग गए। भागे बदमाशों का पीछा उ0नि0 श्री आनन्द कुमार, का0 117 सुमित कुमार द्वारा किया गया परन्तु अंधेरा व जंगल होने के कारण भागने में सफल रहे। पुलिस पार्टी द्वारा सिखलाए गए तरीके से आगे बढकर देखा तो एक बदमाश घायल अवस्था में पड़ा था जिसे फायर करने का मौका दिए बिना मौके पर ही पकड़ लिया। पकड़े गए बदमाश को प्राथमिक उपचार देकर नाम–पता पूछते हुए जामा तलाशी ली गयी तो इसने अपना नाम **आबाद पुत्र निसार निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर** बताया तथा भागे हुए साथियों का नाम **1. बिलाल पुत्र महफूज, 2. इस्तकार पुत्र इलियास निवासीगण ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर** बताया। घायल/गिरफ्तार अभियुक्त को उपचार हेतु सीएचसी बुढाना में भर्ती कराया गया।

घायल/गिरफ्तार अभियुक्त के कब्जे से **01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर, 01 रास गौवंश, गौकशी के उपकरण– 01 छुरी, 01 दाव, 01 लकड़ी का गुटका** आदि बरामद किए गए जिसके सम्बन्ध में थाना बुढाना पर मु0अ0सं0 388/2023 धारा 307 भादवि व 3/5/8 गौवध अधि0, 3/11 पशु क्रूरता अधि0 व 3/25/27 आयुध अधिनियम पंजीकृत किया गया जिसकी विवेचना उ0नि0 श्री रविन्द्र सिंह द्वारा की जा रही है।

**गिरफ्तार अभियुक्तगण का नाम व पताः–**

1. आबाद पुत्र निसार निवासी ग्राम रसूलपुर दभेडी थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।

**फरार अभियुक्तगण का नाम/पताः–**

1. बिलाल पुत्र महफूज निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
2. इस्तकार पुत्र इलियास निवासी ग्राम जौला थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।

**बरामदगी का विवरण–**

- **01 तमंचा मय 01 जिन्दा व 01 खोखा कारतूस 315 बोर**
- **01 रास गौवंश**
- **गौकशी के उपकरण– 01 छुरी, 01 दाव, 01 लकड़ी का गुटका**

**घायल/गिरफ्तार अभियुक्त आबाद पुत्र निसार उपरोक्त का आपराधिक इतिहास–**

1.मु0अ0स0 65/04 धारा 3/5/8 गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
2.मु0अ0स0 165/03 धारा 3/5/8/15 (झ) गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
3.मु0अ0स0 356/05 धारा 3/5/8 गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
4.मु0अ0स0 567/09 धारा 3/5/8 गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
5. मु0अ0सं0 159/15 धारा 3/5/8 गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
6. मु0अ0सं0 144/18 धारा 3/5ए/8 गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
7. मु0अ0सं0 131/15 धारा 110 जी सीआरपीसी थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
8. मु0अ0सं0 41/05 धारा 3/5/8 गौवंध अधि0 थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
9. मु0अ0सं0 388/23 धारा 307 भादवि व 3/5/8 गौ हत्या निवारण अधिनियम व 3/11 पशु कुरता अधिनियम 3/25/27 आयुद्ध अधिनियम थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।

**गिरफ्तार करने वाली पुलिस टीम–**

1. उ0नि0 श्री राजदीप सिंह थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
2. उ0नि0 श्री आनन्द कुमार थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
3. है0का0 383 सुनील शर्मा थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
4. का0 1117 सुमित कुमार थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।
5. का0 1036 राजवीर सिहं थाना बुढाना, मुजफ्फरनगर।

**नोटः– घायल/गिरफ्तार अभियुक्त शातिर किस्म का गौकश प्रवृत्ति का अपराधी हैं। अभियुक्त को गिरफ्तार कर जेल भेजा जा रहा है।**

आख्या सादर सूचनार्थ प्रेषित है ।

वरिष्ठ पुलिस अधीक्षक
मुजफ्फरनगर।